-प्रेस नोट-

"ऑपरेशन सवेरा"

दिनांक- 14.03.2026

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

!! सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही !!

थाना सरसावा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 10.72 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.03.2026 को थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा गस्त/चैकिंग के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त **अजीम पुत्र जमील निवासी ग्राम धलापडा थाना सरसावा जिला सहारनपुर** को हाईवे के बराबर जाने वाले रास्ते पर रायपुर रोड से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 10.72 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरसावा पर मु0अ0स0 78/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। । गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, अभियुक्त उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

अजीम पुत्र जमील निवासी ग्राम धलापडा थाना सरसावा जिला सहारनपुर |

बरामदगी का विवरणः-

- 10.72 ग्राम अवैध स्मैक

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 189/2019 धारा 3/5A/8 गौवध अधि0/11 पशु अत्याचार अधि0 व 307 भादवि थाना सरसावा सहारनपुर।
2. मु0अ0सं0 167/2020 धारा 147/148/149 /186/332/353/504 भादवि थाना सरसावा सहारनपुर।
3. मु0अ0सं0-350/2022 धारा 147/323/354(ख)/366/427/452/504/506 भादवि थाना सरसावा सहारनपुर।
4. मु0अ0सं0-78/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-

1. थाना प्रभारी श्री प्रवेश कुमार शर्मा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

2. उ0नि0 श्री देवकरण शर्मा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।
3. हे0का0 1194 लखन सिंह थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।
4. हे0का0 384 अनित कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।
5. का0 07 सुमित वर्मा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।

दिनांक - 14.03.2026

-प्रेस नोट-

थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वांछित/वारंटी/चोरी/वाहनचोरी/नकबजनी आदि घटनाओं की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना जनकपुरी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 13.03.2026 को चैकिंग के दौरान अभियुक्त ***सन्नी पुत्र अनिल निवासी ग्राम शब्बीरपुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर*** *को जिला अस्पताल के पीछे पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। बरामद मोटर साइकिल जनपद देहरादून के थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 276/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0-53/26 धारा 317(5)/318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मैने यह मोटर साइकिल पिछले साल जुलाई में देहरादून से चोरी की थी। जिसकी नम्बर प्लेट बदलकर चला रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

सन्नी पुत्र अनिल निवासी ग्राम शब्बीरपुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर ।

बरामदगी का विवरणः-

- *01 मोटर साईकिल हीरो स्पलैण्डर प्लस डीलक्स UK17U7149*

अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-

1. *मु0अ0सं0 53/26 धारा 317(5)/318(4) बीएनएस थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर ।*
2. *मु0अ0सं0 276/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना को0नगर जिला देहरादून (उत्तराखण्ड) ।*
3. *मु0अ0सं0 129/22 धारा 323/325/504 भादवि थाना बडगांव जिला सहारनपुर ।*

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:-

1. *उ0नि0 श्री शिवराज तोमर थाना जनकपुरी, सहारनपुर ।*
2. *है0कां0 580 उस्मान थाना जनकपुरी, सहारनपुर ।*
3. *है0कां0 976 रविन्द्र कुमार थाना जनकपुरी, सहारनपुर ।*